Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- सार्वजनिक निर्माण विभाग का अधिशाषी अभियंता 5 लाख रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 28 अप्रेल, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी (इन्टेलीजेंस) चौकी कोटा इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री अजय सिंह, अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग बांरा को **पांच लाख रूपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी कोटा को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के द्वारा किये गए सड़क चौड़ाईकरण एवं पुलिया निर्माण के कार्य के पेंण्डिग बिलों को पास करने की एवज में आरोपी द्वारा परिवादी से **20 लाख रूपये** की रिश्वत की मांग कर पेरशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज कोटा के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री शिवराज मीना** के सुपरविजन में एसीबी चौकी कोटा के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय स्वर्णकार** के नेतृत्व में दिनांक 28.04.2025 को रिश्वत मांग सत्यापन होने के पश्चात उप अधीक्षक पुलिस श्री ताराचन्द आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए अजय सिंह, अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग बांरा को पांच लाख रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।